कार्यालय (शिविर), शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0

विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ–226007

वेबसाइट :www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल directorbasiceducation@gmail.com, दूरभाष 0522-2780391, 2780412

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–शि0नि0(बे0)/ **3388–3575** /2026–27, दिनांक **20** अप्रैल, 2026

विषयः उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त विद्यालयों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया राहत आयुक्त/अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रसंख्या–1536/कृषि/हीट वेव/2025–26, दिनांक 27–02–2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो विद्यालयों में लू–प्रकोप (हीट वेव) से राहत के सम्बन्ध में है।

प्रदेश में गर्मी एवं हीटवेब के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालय प्रातः 07.30 बजे से अपरान्ह 01.30 बजे तक संचालित किये जायेंगे। विद्यालय पठन पाठन हेतु छात्र–छात्राएं प्रातः 07.30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक उपस्थित रहेंगे तथा विद्यालय में प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 07.30 बजे से 07.40 बजे तक तथा मध्यावकाश प्रातः 10.00 बजे से 10.15 बजे तक रहेगा।

शिक्षक/शिक्षामित्र/अनुदेशक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में प्रातः 07.30 बजे से अपरान्ह 01.30 बजे तक उपस्थित रहकर शैक्षिणिक, प्रशासकीय एवं अन्य कार्यों को पूर्ण करेंगे।

मान्यता प्राप्त विद्यालयों हेतु विद्यालय प्रबन्ध समिति यथावश्यक निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी।

कृपया उक्त आदेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(प्रताप सिंह बघेल)
शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उत्तर प्रदेश।

पृ0सं0–शि0नि0(बे0)/ /2026–27, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
2– मण्डलायुक्त, समस्त मण्डल, उ0प्र0।
3– जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
4– सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
5– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उ0प्र0।

(प्रताप सिंह बघेल)
शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उत्तर प्रदेश।